7:49 5G+ 98%

**Aapka Apna Bihar** · Follow
8h ·

बिहार के शेखपुरा से बड़ी खबर सामने आई है, जहां आरएलएम के जिला सह संयोजक उमेश कुमार सुमन को करीब 3 करोड़ रुपये की ठगी के मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि उन्होंने एनजीओ की आड़ में मुंबई के उद्योगपतियों को झांसा देकर बड़ी रकम हड़पी।
मामला मुंबई एयरपोर्ट थाने में दर्ज था, जिसके बाद महाराष्ट्र पुलिस पिछले तीन दिनों से शेखपुरा में कैंप कर जांच कर रही थी। जांच के बाद आरोपी को शहर के धोबघट्टा स्थित उसके आवास से दबोचा गया। गिरफ्तारी के बाद उसे स्थानीय कोर्ट में पेश किया गया और ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई ले जाया गया।
एसपी बलीराम चौधरी के अनुसार, आरोपी पर गंभीर आर्थिक अपराध के तहत केस दर्ज है और मामले की आगे की जांच जारी है।




7

Like Comment Share